भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1415

जिसका उत्तर 15.12.2022 को दिया जाना है

बाईपास का निर्माण

1415. श्री देवजी एम पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिसा-धनेरा और सिरोही-मंदार रेवदार सेक्शन पर 197/0 से 268/400 किलोमीटर तक टोल रोड के निर्माण, संचालन, हस्तांतरण (बीओटी) की अनुबंध अवधि 5 अक्टूबर, 2022 को समाप्त हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का मंदार-रेवदार सड़क पर यातायात की अत्यधिक मात्रा को देखते हुए बाईपास बनाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) दीसा को धनेरा से जोड़ने वाला राजमार्ग खंड रारा-168ए का भाग है और यह गुजरात राज्य में स्थित है। दीसा से ज़ेरडा (किमी 67/400 से किमी 55/400) खंड को बीओटी के तहत रारा घोषित करने से पहले गुजरात सरकार द्वारा 29.03.2038 तक निर्धारित रियायत अवधि के साथ विकसित किया गया है। जुलाई 2022 तक ज़ेरडा से धनेरा खंड (किमी 55/400 से किमी 33/600) में जुलाई 2025 तक की दोष देयता अवधि के साथ सुदृढ़ीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है।

सिरोही-मंदार-रेवदार को जोड़ने वाला राजमार्ग खंड रारा-168 का भाग है और यह राजस्थान राज्य में स्थित है। वर्तमान में, इस खंड को रारा के रूप में घोषित किए जाने से पहले बीओटी परियोजना के तहत राजस्थान सरकार द्वारा विकसित किया गया है और कोविड-19 महामारी के प्रभाव के कारण किमी 197/0 से किमी 268/400 तक की सड़क के लिए रियायत अवधि को 19.01.2023 तक बढ़ा दिया गया है।

(ख) और (ग) अभी तक, रारा-168 के मंदार-रेवदार खंड के लिए बाइपास के निर्माण की ऐसी कोई योजना नहीं है।

*****